राज्य शहरी आजीविका मिशन, (एस0यू0एल0एम0) उ0प्र0
(राज्य नगरीय विकास अभिकरण,– सूडा उ.प्र.)
7/23, सेक्टर–7, गोमती नगर विस्तार, निकट डायल 100, गोमती नगर, लखनऊ–226027
e-mail:nulmup@gmail.com website:www.sudaup.org

पत्रांक 7329 /241/NULM/तीन/2001(CB&T) (DP) दिनांक 22/11/2018

सेवा में,

सिटी प्रोजेक्ट ऑफीसर/परियोजना निदेशक,
शहर मिशन प्रबन्धन इकाई, डूडा इलाहाबाद, वाराणसी, जौनपुर, चन्दौली, प्रतापगढ़, श्रावस्ती, बहराइच, बलरामपुर, गोरखपुर, मथुरा, ललितपुर, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर।

विषय– स्वयं सहायता समूहों की सदस्यों हेतु यूनीसेफ के सहयोग से माह अगस्त एवं सितम्बर 2018 मे सूडा उ0प्र0 में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम का फीडबैक लिए जाने हेतु दिनांक 07.12.2018 को होने वाली एक दिवसीय कार्याशाला में प्रतिभागिता के संबंध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक प्रदेश के सतत् विकास हेतु राज्य योजना आयोग से प्राप्त निर्देशों के क्रम में सूडा उ0प्र0 द्वारा डेवलपमेन्ट पार्टर्नर यूनीसेफ उ0प्र0 लखनऊ के सहयोग से DAY-NULM के अन्तर्गत गठित स्वयं सहायता समूहों को बाल्य विवाह के दुष्परिणाम एवं बाल्यश्रम निवारण आधारित मुद्दों पर माह अगस्त एवं सितम्बर 2018 में क्षमता संवर्धन/प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम के उपरान्त उल्लिखित जनपदों के प्रतिभागियों द्वारा बाल्यश्रम एवं बाल विवाह मुद्दों पर किये जा रहे कार्यो का फीडबैक लेने हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन दिनांक 07 दिसम्बर, 2018 को प्रातः 09:30 बजे से सूडा मुख्यालय स्थित कान्फ्रेंस हाल में आयोजित किये जाने का निर्णय लिया गया है।

उक्त कार्यशाला में पूर्व में प्रशिक्षण प्राप्त स्वयं सहायता समूहों की सदस्यों/CO/CMM को पूर्व की भांति केवल 5–5 प्रतिभागियों को प्रत्येक जनपद से प्रतिभाग करना है। प्रतिभागियों को कार्यशाला में प्रतिभाग हेतु वास्तविक स्लीपर/सामान्य रोडवेज बस से की गई यात्रा का भुगतान सूडा उ0प्र0 द्वारा पूर्व मे प्रशिक्षण मे प्रतिभागिता के साथ ही इस कार्यशाला मे प्रतिभाग हेतु यात्रा भत्ता का भी भुगतान किया जायेगा। कार्यशाला में प्रतिभागियों को दिनांक 07 दिसम्बर, 2018 की प्रातः 09:00 बजे सूडा उ0प्र0 में उपस्थित होना आवश्यक होगा, जिसके दृष्टिगत आवश्यक है कि यात्रा का नियोजन तदानुसार किया जाये। DAY-NULM स्तर से इस कार्यशाला का समन्वय श्री मो0 तैयब, राज्य मिशन प्रबन्धक (मो0नं0–8573002220) द्वारा किया जायेगा। उक्त के संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी हेतु इनसे सम्पर्क किया जा सकता है।

जारी 22/11/2018

अतः उक्त एक दिवसीय कार्यशाला में पूर्व मे प्रशिक्षण प्राप्त किये 4–4 SHG के सदस्यों के साथ संबंधित CO/CMM को प्रशिक्षण में सुसंगत आख्या सहित ससमय प्रतिभाग करने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें।

भवदीय
22/11/2018
(उमेश प्रताप सिंह)
मिशन निदेशक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. अपर मुख्य सचिव, नियोजन, उ0प्र0 शासन।
2. प्रमुख सचिव, नगर विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग, उ0प्र0 शासन।
3. संबंधित जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला नगरीय विकास अभिकरण, उ0प्र0।
4. राज्य प्रतिनिधि, यूनीसेफ, लखनऊ।
5. श्री पीयूष एनटोनी, सोशल पॉलिसी स्पेशिलिस्ट, यूनीसेफ, लखनऊ।
6. श्रीमती डा0 रूप रेखा वर्मा, प्रभारी, सांझी दुनियाँ।
7. संबंधित परियोजना अधिकारी/सहायक परियोजना अधिकारी, डूडा, उ0प्र0 को अनुपालनार्थ।
8. प्रभारी नजारत को प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित कराने हेतु।
9. सहायक वेबमास्टर, सूडा उ0प्र0 को वेबसाइट पर अपलोड हेतु।
10. निदेशक/अपर निदेशक/वित्त नियन्त्रक कैम्प।

22/11/2018
(उमेश प्रताप सिंह)
मिशन निदेशक